देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 01.06.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- खेल मंत्री रेखा आर्या ने 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत आयोजित साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। कहा– देवभूमि के हर घर से एक खिलाड़ी तैयार करना सरकार संकल्प है।
- चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी आज सैलानियों के लिए खोल दी गई है।
- रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में तेजी लाने के लिए हथियार खरीद प्रकिया को सुगम बनाने पर कार्य कर रहा है।
- आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्वालीफायर में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल'

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत देहरादून में आयोजित साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन के तहत फिट उत्तराखंड अभियान की शुरुआत की है। श्रीमती आर्या ने कहा कि 'संकल्प से शिखर तक' का नारा उस दिन साकार होगा, जब देवभूमि के हर घर से एक खिलाड़ी निकलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह देवभूमि के हर घर से एक सैनिक निकलता है, उसी तरह सरकार ने हर घर से एक खिलाड़ी तैयार करने का संकल्प लिया है।

साइकलिंग में 7 साल के बच्चों से लेकर 70 साल तक के वरिष्ठ नागरिक पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा के माध्यम से विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

इसी क्रम में नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25वें संस्करण में हिस्सा लिया।

फूलों की घाटी

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी आज सैलानियों के लिए खोल दी गई है। पहले दिन फूलों की घाटी के दीदार करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। सैलानियों का वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा फूलों की घाटी के मुख्य गेट पर स्वागत किया गया। जून माह में अब तक 62 सैलानियों ने पंजीकरण करवाया है। फूलों की घाटी में 300 से अधिक प्रजातियों के हिमालयी फूल खिलते हैं।

फूलों की घाटी समुद्रतल से लगभग 3 हजार 350 मीटर की ऊंचाई पर स्थित नन्दा देवी राष्ट्रीय उद्यान का ही एक हिस्सा है। यह घाटी लगभग 87 दशमलव पांच शून्य वर्ग कि.मी. के क्षेत्रफल में फैली हुई है, जो लगभग 2 किलोमीटर चौड़ी और लगभग 8 किलोमीटर लंबी है।

कनाकटा दर्रा

बागेश्वर जिले की सुंदरढूंगा घाटी में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित कनाकटा दर्रे को नौ वर्षीय बालक ने अपनी ट्रैकिंग टीम के साथ पार कर अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। सात दिवसीय इस कठिन अभियान में बेंगलुरू के नौ सदस्य शामिल थे। कनाकटा दर्रे को पार करने का यह इस साल का पहला सफल अभियान है।

सात दिवसीय यह ट्रैकिंग अभियान 'ट्रेक विद दानू' के नेतृत्व में संचालित किया गया। इस अभियान के गाइड जीतू दानू थे, जो वर्षों से हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग कराते आ रहे हैं। जीतू दानू ने बताया कि केविन की लगन और साहस, प्रकृति प्रेमी और रोमांच रखने वाले लोगों के लिए प्रेरणा बन गया है। बर्फीले रास्ते, कठिन चढ़ाई और ऑक्सीजन की कमी जैसी चुनौतियों को पार करते हुए केविन ने साबित कर दिया कि जुनून और धैर्य से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे बागेश्वर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि बागेश्वर जिले में कनाकटा, सुंदरढुंगा, पिंडारी और मैकतोली जैसे ट्रेक्स अब विश्वभर के ट्रैकरों को आकर्षित कर रहे हैं।

सरकार जनता के द्वार

'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग जिले में जिला स्तरीय अधिकारी गांवों में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों का भी जायजा लेंगे। यह जानकारी जिले के मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने दी। उन्होंने बताया कि जून माह में अलग–अलग तिथियों में डीएफओ, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी आवंटित गांवों में जाकर जनता से बातचीत करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को गांवों में विकास कार्यों का निरीक्षण करने और जनता की शिकायतों की रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

रक्षा मंत्रालय

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की अधुनिकीकरण प्रकिया को तेज करने के लिए हथियारों की खरीद जल्दी करने के कई उपाय शुरू किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस पहल से लगभग 69 सप्ताह की बचत होगी और मौजूदा जरूरतों के अनुरूप 2020 नियमों को संशोधित किया जा रहा है। कल नई दिल्ली में रक्षा कॉनक्लेव में उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने रक्षा सामग्री की खरीद में लगने वाले समय को पहले ही कम कर दिया है। सरकार ने रडार को चकमा दे सकने वाले पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी युद्धक विमान के विकास के लिए वर्ष मई को इस योजना की शुरुआत की थी। रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025

को सैन्य सुधार वर्ष घोषित किया है। ताकि सेना में आधुनिक तकनीक का समावेश हो सके और सेना नई चुनौतियों के लिए तैयार रहे।

कोविड

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना के 3 हजार 395 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 1 हजार 435 संक्रमित लोग ठीक हो चुके हैं। उत्तराखंड में भी दो कोरोना संक्रमित लोग मिले हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अस्पतालों में जरूरी इंतजाम करने पर जोर दिया गया है। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि कोविड को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। सतर्क रहने की जरूरत है।

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न संगठनों ने नई टिहरी स्थित श्री गुरुद्वारा टीला साहिब में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें एक हजार से अधिक लोगों ने निशुल्क जांच कराई। जुनून चेरिटेबल के संरक्षक डॉ. गिरीश वैष्णव ने बताया कि शिविर में नोएडा से आए 32 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न प्रकार की जांचें कीं और मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्लावीफायर में, आज अहमदाबाद में पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। विजेता टीम मंगलवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के साथ खेलेगी। मुंबई इंडियंस ने अब तक पांच खिताब जीते हैं जबकि पंजाब ने एक बार भी खिताब नहीं जीता है।